प्रीलिम्स फैक्ट: 07 जनवरी, 2021

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-07-january-2021

राष्ट्रीय कामधेनु आयोग

राष्ट्रीय कामधेनु आयोग

Rastriya Kamdhenu Aayog

हाल ही में **राष्ट्रीय कामधेनु आयोग (Rastriya Kamdhenu Aayog- RKA)** ने गायों के महत्त्व के बारे में लोगों के बीच "**रूचि पैदा करने**" के उद्देश्य से '**कामधेनु गौ-विज्ञान प्रचार-प्रसार परीक्षा**' और गोजातीय प्रजातियों के बारे में उन्हें **"जागरूक और शिक्षित"** करने की घोषणा की है।

प्रमुख बिंदु:

- राष्ट्रीय कामधेनु आयोग गायों के संरक्षण के लिये स्थापित पशुपालन और डेयरी विभाग के अंतर्गत एक एजेंसी है।
- राष्ट्रीय कामधेनु आयोग (RKA) का गठन भारत सरकार द्वारा गायों और उनकी संतान के संरक्षण, पालन, सुरक्षा तथा विकास एवं पशु विकास कार्यक्रमों के लिये दिशा-निर्देश देने हेतु किया गया है।
    - देश में मवेशियों की 50 और भैंसों की 17 अच्छी नस्लें पाई जाती हैं।
- RKA नीतियों को तैयार करने और मवेशियों से संबंधित योजनाओं के कार्यान्वियन के लिये दिशा-निर्देश प्रदान करने हेतु एक **उच्च अधिकार प्राप्त स्थायी निकाय है** जो छोटे और सीमांत किसानों, महिलाओं तथा युवा उद्यमियों की आजीविका पर अधिक ज़ोर देता है।
- **यह राष्ट्रीय गोकुल मिशन के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करता है।**
    - राष्ट्रीय गोकुल मिशन को प्रजनन क्षेत्र में चयनात्मक प्रजनन और वर्ग रहित गोजातीय आबादी आदि के आनुवंशिक उन्नयन के ज़रिये देशी नस्लों के विकास और संरक्षण के लिये 2025 करोड़ रुपए परिव्यय के साथ दिसंबर, 2014 में शुरू किया गया था।